हमारा महानगर

मुंबई, मंगलवार 9 अप्रैल 2019

विश्व भ्रमण पर निकले प्रवीण-सुधीर

60 देशों का 70000 कीमी का पर्यटन

300 दिन में पूरा करने का लक्ष्य

मुंबई। मुंबई स्थित उद्योगकर्मी प्रवीण मेहता और उनके मित्र डॉ. सुधीर बालदोटा ने आज विश्व का संपर्क और शांति संदेश के लक्ष्य के साथ सांताक्रूज, मुंबई पश्चिम के रोटरी क्लब के कार्यालय से विश्व पर्यटन का प्रारंभ किया। ये यात्रा में एशिया, यूरोप, साउथ अमेरिका, नार्थ अमेरिका के 60 देशों में 70000 किमी के अंतर को 300 दिन में पूर्ण करेंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों मित्र इन देशों के 120 से ज्यादा अपने क्षेत्र में समाज के कल्याण के लिए विशेष योगदान देनेवाले प्रसिद्ध व्यक्तिविशेष को मिलकर लोगों में उनके कार्य विशेष की जानकारी दे कर प्रभावित करके उसी दिशा में हर क्षेत्र में नए लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले यही लक्ष्य रहेगा। इस विश्वयात्रा के लिए मुंबई पश्चिम रोटरी क्लब का सहयोग मिला है। रोटरी क्लब मुंबई पश्चिम के प्रेसिडेंट आनंद गुप्ता ने बताया कि उन्हें इन दो रोटरीयन्स पर गर्व है और इस साल के लिए रोटरी का मंत्र है प्रेरणा स्तोत्र बने। रोटरी क्लब के एक जुलाई 2019 से शुरू हो रहे नए साल के लिए रोटरी का मंत्र विश्व को जोड़ो रहेगा और मुझे यकीन हे कि हमारे दो रोटरीयंन प्रवीण मेहता और डॉ. सुधीर बालदोटा इस संदेश को विश्व में फैलाने में हमारी मदत करेंग।